ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहॉपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक– 16.03.2021

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- शासन के निर्देश के क्रम में कोविड–19 वैक्सीनेशन की दूसरी डोज के अन्तर्गत आज दिनांक 16.03.2021 को नगर आयुक्त महोदय एवं नगर निगम के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बाबा विश्वनाथ यात्री परिसर के अन्दर लगवाया गया कोविड–19 वैक्सीनेशन।
- नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश पर प्रतिबन्धित पॉलीथीन के विरूद्ध नगर निगम की बड़ी कार्यवाही, आज दिनांक 16.03.2021 को बिसरात रोड स्थित गर्ग ट्रान्सपोर्ट एवं मोहित अग्रवाल के गोदाम से लगभग 14 कुन्टल प्रतिबंधित पालीथीन जब्त की गई।
- नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश पर आज दिनांक 16.03.2021 को सहायक नगर आयुक्त द्वारा नगर के केरुगंज के पास लोगो द्वारा अवैध रुप से कर रखे अतिक्रमण को हटवाया गया।

1. नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आज दिनांक 16.03.2021 को बाबा विश्वनाथ यात्री परिसर के अन्दर दूसरी डोज कोविड–19 वैक्सीनेशन लगवायी गई। जिसके दृष्टिगत कोविड–19 से बचाव एवं सुरक्षा हेतु आज दिनांक 16.03.2021 को प्रातः 9.00 बजे सांय 5.00 बजे तक नगर निगम,शाहजहॉपुर में कार्यरत लगभग 298 से अधिक अधिकारी/ कर्मचारीगणो द्वारा टीकाकरण कराया गया। कोविड–19 वैक्सीनेशन की दूसरी डोज के अन्तर्गत नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा जी,अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0 सिंह,उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे एवं नगर निगम के अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा टीकाकरण कराया गया। इसके साथ ही नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की गई कि कोविड–19 से बचाव एवं सुरक्षा हेतु टीकाकरण अनिवार्य रूप से कराये। इस मौके पर नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा जी,अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0 सिंह,उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे,सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती,श्री अगंद गुप्ता,नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 ओ0पी0 गौतम, समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक एवं नगर निगम के अन्य अधिकारी तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

2. नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम,शाहजहॉपुर में प्रतिबन्धित पालीथीन के उपयोग के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 16.03.2021 को सहायक नगर आयुक्त श्री अगंद गुप्ता द्वारा प्रवर्तन दल की टीम के साथ विसरात रोड स्थित गर्ग ट्रान्सपोर्ट एवं मोहित अग्रवाल के गोदाम से लगभग 14 कुन्टल प्रतिबंधित पालीथीन जब्त की गई। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार सहायक नगर आयुक्त श्री अगंद गुप्ता ने प्रवर्तन दल की टीम के साथ विसरात रोड स्थित गर्ग ट्रान्सपोर्ट एवं मोहित अग्रवाल के गोदाम पर छापा मारा। व्यापारी के गोदाम प्रतिबंधित पालीथीन से भरा हुआ था, जिसे नगर निगम की टीम ने कब्जे में ले लिया। जिसमें लगभग 14 कुन्टल प्रतिबंधित पालीथीन जब्त की गई। इसके साथ जुर्माना लगाया गया। इसके साथ ही नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर के समस्त व्यापारियो एवं नगरवासियो से प्रतिबन्धित पॉलीथीन का उपयोग न करने एवं नगर में स्वच्छता रखने और पर्यावरण को दूषित होने से बचाने की अपील की गई। इस मौके पर नगर मजिस्ट्रेट श्री राजेश कुमार सहायक नगर आयुक्त श्री अगंद गुप्ता, प्रवर्तन दल की टीम,राजस्व निरीक्षक व सफाई एवं खाद्य निरीक्षक उपस्थित रहे।

3. नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश पर आज दिनांक 16.03.2021 को सहायक नगर आयुक्त द्वारा नगर के केरुगंज के पास लोगो द्वारा अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया। नगर के विभिन्न क्षेत्रों में लोगो द्वारा अवैध रुप से किये जा रहे अतिक्रमण को गम्भीरतापूर्ण संज्ञान में लेते हुये नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर आज दिनांक 16.03.2021 को सहायक नगर आयुक्त श्री अंगद गुप्ता द्वारा केरूगंज के पास लोगो द्वारा अवैध अतिक्मण को एक विशेष अभियान के तहत हटवाया गया। इसके साथ क्षेत्र के समस्त दुकानदारों को सख्त निर्देश दिये गये कि अवैध अतिक्रमण को स्वंय हटा लें अन्यथा नगर निगम के द्वारा हटवाकर जुर्माना भी लगाया जायेगा। इस मौके पर सहायक नगर आयुक्त श्री अंगद गुप्ता,नगर मजिस्ट्रेट श्री राजेश कुमार एवं प्रवर्तन दल की टीम उपस्थित रही।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर।